जालोर में मूसलाधार बारिश, नदी-नालों में पानी आने से कई गांवों का संपर्क टूटा

बारिश के चलते खेतों में पानी भरा, रोपसी नदी में कार बहने से चालक को लोगों ने बचाया

जालोर, (कासं)। जालोर जिले में मानसून की सक्रियता के चलते गुरुवार को मूसलाधार बारिश से नदी-नालो में पानी की आवक देखी गई। तेज बारिश के चलते खेतों में भी पानी भरा नजर आया। रोपसी नदी में ईको कार चालक बहने से लोगों ने सूझबूझ से बड़ी मशक्कत से उसे बचाया। जालोर में तेज बारिश के चलते कई जगह पानी भर जाने से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं तेज बारिश के चलते भेटाला सहित कई गांवों के नदी-नालों में पानी आने से अन्य गांवों से सम्पर्क टूट गया। तेज बारिश के चलते कई स्कूलों में पानी भर जाने से विद्यार्थियों को भी काफी परेशानी हुई।

जालोर के निकट रोपसी नदी में बह रहे कार चालक को लोगों ने बाहर निकाला

- जालोर के वणधर, बांडी सिणधरा, सरदारगढ सहित जिले के कई बांधों व नदी में पानी का बहाव देखा गया
- तेज बारिश के चलते कई स्कूलों में पानी भर जाने से विद्यार्थियों को परेशानी हुई

जालोर में गत दो दिन से मानसून बारिश होने से जिले के नदी नालों में पानी बहता नजर आया। जालोर के निकट भीनमाल स्थित रोपसी नदी में पानी आने से एक ईको कार चालक ने उसमें ईको कार नदी से नदी पार करने लगा। इस दौरान पानी का तेज बहाव होने से कार नदी में बहने लगी। मौके पर खड़े पुलिसकर्मी ने ग्रामीणों की सहायता से कार चालक को कड़ी मशक्कत से बाहर निकाला गया। वहीं जालोर के वणधर, बांडी सिणधरा, सरदारगढ़ सहित जिले के कई बांधों व नदी में पानी का बहाव देखा गया। गुरुवार को तेज बारिश के चलते जालोर शहर के तिलकद्वार, लाल पोल व बड़ी पोल से पानी तेज गति से बहता नजर आया। वहीं शहर के निचले इलाके इन्द्रानगर, एफसीआई गोदाम, शिवाजी नगर सहित कई कॉलोनियों में पानी भर गया। कलेक्ट्रेट रोड पर पानी की निकासी नहीं होने से बारिश का पानी कलैक्ट्रेट व कोर्ट कैम्पस में आने से कलेक्ट्रेट व कोर्ट कैम्पस तालाब में तब्दील नजर आया। तिलकद्वार में पानी के तेज बहाव के चलते कई वाहन भी बहते नजर आये। जालोर में मूसलाधर बारिश के चलते रोडवेज बस स्टेण्ड में भी पानी भर जाने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं पंचायत समिति से बस स्टेण्ड पर भी निकासी नहीं होने से रोड पर पानी जमा होने से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

ई-केवाईसी बिना आयोग की भर्ती परीक्षाओं में आवेदन नहीं होंगे

अजमेर, (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं में आवेदन करने के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन में आधार/जन आधार नंबर अपडेट करना आवश्यक कर दिया गया है। ई-केवाईसी के बिना आगामी भर्ती परीक्षाओं के लिए आवेदन नहीं किए जा सकेंगे।

आयोग सचिव ने बताया कि कार्मिक विभाग द्वारा जारी नोटिफिकेशन बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन की अनुमति के क्रम में, स्टेट रिक्रूटमेंट पोर्टल के माध्यम से किसी भी भर्ती में आवेदन करने के लिए केवाईसी प्रक्रिया पूरी करना अनिवार्य है। इसीलिए आयोग द्वारा 7 जुलाई 2025 से आधार/जन आधार के माध्यम से ओटीआर ई-केवाईसी करने का अवसर अभ्यर्थियों को दिया जा रहा है। केवाईसी पूर्ण नहीं करने वाले अभ्यर्थी ऑनलाइन भर्ती आवेदन सब्मिट नहीं कर पाएंगे। इसलिए अभ्यर्थी वर्तमान में चल रही या भविष्य की भर्ती प्रक्रियाओं दौरान किसी भी असुविधा से बचने के लिए अपने ओटीआर केवाईसी को समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। सभी उम्मीदवारों को भर्ती-संबंधी गतिविधियों के लिए पात्र होने हेतु अपना केवाईसी आवश्यक रूप से पूरा करना होगा।

- वन टाइम रजिस्ट्रेशन में आधार/जन आधार नंबर अपडेट करना आवश्यक किया

आयोग सचिव ने बताया कि वर्तमान में वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) में 69 लाख 58 हजार 433 अभ्यर्थी रजिस्टर्ड हैं। इनमें से आधार नंबर द्वारा सत्यापित 37 लाख 53 हजार 302 तथा जन आधार के माध्यम से सत्यापित 21 लाख 70 हजार 830 अभ्यर्थी ही हैं। शेष 10 लाख 34 हजार 301 अभ्यर्थियों ने एसएसओ आईडी के माध्यम से वन टाइम रजिस्ट्रेशन करवाया है। आयोग द्वारा विभिन्न ओटीआर प्रोफाइल की जांच में यह सामने आया है कि कई अभ्यर्थियों द्वारा एक से अधिक प्रोफाइल विभिन्न एसएसओ आईडी के माध्यम से बनाए हुए हैं। ऐसे में दोहरीकरण को रोकने तथा अभ्यर्थी की पहचान सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी एसएसओ आईडी द्वारा बनाए गए अपने ओटीआर प्रोफाइल को आधार अथवा जन आधार द्वारा ई-केवाईसी के माध्यम से सत्यापित करे।

ट्रक में आग लगने से दो जने जिंदा जले

दूदू, (निसं)। जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर गुरुवार की तड़के दूदू से एक किलोमीटर दूर जयपुर की ओर होटल के सामने दो ट्रकों में टक्कर हो जाने के बाद लगी आग के साथ ट्रक जलकर राख हो गया तथा कैबिन में फंसने से जल जाने से दो जनों की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार प्रात: करीब 3:30 बजे दो ट्रकों में भिड़ंत के बाद धमाके की आवाज आई। साथ ही ट्रक में आग लगना शुरू हो गई। आग लगने की सूचना पुलिस थाना दूदू में मिलने के साथ ही उप पुलिस अधीक्षक दीपक खंडेलवाल एवं थाना निरीक्षक मुकेश कुमार खराडिया मय पुलिस जाब्ते मौके पर पहुंचे तथा वाहनों को रुकवाया जाकर यातायात की व्यवस्था को संभाला गया। इस दौरान वाहनों की राष्ट्रीय राजमार्ग पर लंबी कतारें दोनों तरफ लग गई। पुलिस ने मौके पर दमकल वाहनों को बुलाया जाकर करीब एक घंटे बाद आग पर काबू पाया। साथ ही केबिन में फंसे चालकों को पुलिसकर्मियों अन्य वाहन चालकों ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद बाहर निकला गया। मृतकों की शिनाख्त जगदीश जाट (62) साल निवासी बिलोदा चित्तौड़गढ़,पंकज कुमार निवासी प्रतापगढ़ के रूप में हुई। बाद में परिजनों को सूचित किया जाकर शवों को दूदू मुर्दाघर में रखवा दिया गया। ट्रक अजमेर से जयपुर की ओर जा रहे थे। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि दमकल के अभाव में दो जनों की मौत हो गई।

पाली के रायपुर और देसूरी में आठ इंच बारिश

बरसात होने से सड़कों पर पानी भरने लोगों को परेशानी हुई।

पाली, (नि.सं.)। पाली जिले में पिछले दो दिनों से जमकर बारिश चल रही है। रायपुर और देसूरी में आठ इंच बारिश हुई, जिससे क्षेत्र की नदियां बहने लगी।

जानकारी के अनुसार सोजत राणावास क्षेत्र में भी गुरुवार को जमकर बारिश हुई, जिससे बांधों में पानी की आवक शुरू हुई। पाली शहर में रिमझिम बारिश के बाद सुबह करीब 10 बजे एक घंटे तक जोरदार बारिश होने से सड़कें लबालब हो गई। पाली शहर की आदर्श नगर, लोढ़ा स्कूल रोड, नेशनल पार्क ग्रीन पार्क, रामदेव रोड मंडिया रोड सड़कों पर करीब आधा फीट से ज्यादा पानी भर गया। ऐसे में वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

हलेड में घरों में घुसे बरसाती पानी से लोगों में आक्रोश

भीलवाड़ा, (निसं)। शहर के निकटवर्ती हलेड गांव में घरों में घुसे बरसाती पानी से आक्रोशित लोगों ने सरपंच पति और भाजपा नेता के साथ मारपीट कर दी। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया।

भीलवाड़ा शहर के निकटवर्ती हलेड गांव में सरपंच पति बालूलाल आचार्य के साथ ग्रामीणों ने मारपीट कर दी। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार भीलवाड़ा में बुधवार को करीब 9 इंच बारिश दर्ज की गई थी। एक दिन में रिकॉर्ड तोड़ बारिश ने कई गांवों और शहर की कई कॉलोनियों को जलमग्न कर दिया था। इस बारिश में प्रशासनिक दावों की भी पोल खोल कर रख दी। ना शहर ना गांव हर जगह गंदगी के अंबार लगे हुए हैं और नालियों के अटे पड़े होने के कारण बरसाती पानी घरों में घुस रहा है। हलेड गांव में भी कुछ ऐसा ही हुआ जब स्थानीय सरपंच की लापरवाहियों के चलते गांव में सफाई व्यवस्था माकूल नहीं हो पाई और बरसात का पानी ग्रामीणों के घर में घुस आया। शिकायतों के बाद जब सरपंच पति बालू लाल आचार्य ग्रामीणों के बीच पहुंचे तो नोकझोक देखते ही देखते मारपीट में बदल गई और आक्रोशित भीड़ ने सरपंच पति आचार्य के साथ जमकर मारपीट कर दी।

आकाशीय बिजली गिरने से महिला झुलसी : भीलवाड़ाजिले के शाहपुरा थाना क्षेत्र के खामोर ग्राम पंचायत का राजस्व गांव बहका खेड़ा में बुधवार सुबह घर से गाय, भैंस लेकर खेत पर गई महिला पर आकाशीय बिजली गिर गई। इससे महिला बुरी तरह से झुलस गई, वहीं बिजली गिरने से एक भैंस की भी मौत हो गई। महिला के पति रामकिशन कुमावत ने बताया कि बुधवार दोपहर की बारिश के बाद शाम को जब सारे गोवंश घर पर लौट आए और एक भैंस व उसकी पत्नी घर नही लौटी तो वह खेत पर गया और रास्ते में देखा तो उसकी पत्नी विमला देवी (40) वर्ष बदहाल स्थिति में सड़क पर झुलसी हुई पड़ी हुई थी।

Office Of Superintending Engineer
PHED Circle Jhalawar (Rajasthan)
NOTICE INVITING Bid No. 12/2025-26 Item No. 1 and 2

Bids for Work of Augmentation of RWSS SARDA, Gram Panchayat SARDA Panchayat Samiti Aklera & KOLUKHERI KALAN, Gram Panchayat KOLUKHERI KALAN Panchayat Samiti Manoharthana of Sub division Aklera to provide FHTC including one year Defect Liability period under JJM in the jurisdiction of PHED Division Jhalawar District Jhalawar on risk and cost basis. Are invited from interested bidder's upto 10.07.2025 at 18.00 Hours. Other particulars of the bid may be visited on the www.dipr.rajasthan.gov.in, http://rajwater.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in and http://eproc.rajasthan.gov.in. Departmental websites.
NIB No. PHE2526A1977
UBN No. PHE2526WSOB04070, PHE2526WSOB04073
Superintending Engineer
PHED Circle Jhalawar
DIPR/C/8795/2025

Office of The Superintending Engineer,
Water Resources Circle, Kota
क्रमांक-SE/WRC/e-NIB-03/2025-26/3193-3233 दिनांक-26/06/2025
e-NIB No.- 03/2025-26

On behalf of the Governor of Rajasthan, e-Tenders are invited from eligible contractors for the work for Item No 01 Safety measures works Protection Wall of Brijnath mandir Village Barod Which is Affected due to Submergence of Navnera Barrage Project across River Kalisindh Distt. Kota (Est. cost Rs. 159.88 Lacs) for the period for 12 Months including Rainy season, Item No 02 Construction of CC Road from Brijnath Temple near the access provided Toll Plaza Barod Village under Submergence Area under Navnera Barrage Project across river Kalisindh Distt. Kota. (Est. cost Rs. 86.16 Lacs) for the period for 9 Months including Rainy season from interested bidders from 27.06.2025 (9:30 Hr) to 07.07.2025 till 18:00 Hr. Other particulars, terms & conditions may be seen on the procurement portal htpps://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in, www.dipr.rajasthan.gov.in & www.waterrajasthan.gov.in.
UBN No.-WRD2526WSOB00564, WRD2526WSOB00565, NIB Code- WRD2526A0199
(R.K.Jaimmy)
Superintending Engineer
Water Resources Circle, Kota
DIPR/C/9021/2025

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER
PWD CIRCLE BEAWAR
NIB NO.:- PWD2526A1569-PWD2526A1573
Notice Inviting Bid No. 09/2025-26

Bids for 05 No. Works are invited from interested bidders upto 12.00 PM 08 July 2025. Othe particular of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.ir http://sppp.raj.nic.in) of the State, and DIPR departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 292.72Lacs.

S No.	NIB NO	UBIN NO	Amount (Lac)
1	PWD2526A1569	PWD2526WSOB05500	78.05
2	PWD2526A1570	PWD2526WSOB05501	39.02
3	PWD2526A1571	PWD2526WSOB05502	58.55
4	PWD2526A1572	PWD2526WSOB05503	58.55
5	PWD2526A1573	PWD2526WSOB05504	58.55

Superintending Engineer
PWD, Circle Beawar.
DIPR/C/8864/2025

अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग,
ग्रामीण खण्ड सलूम्बर, जिला सलूम्बर
Phone: 8279108453, Email:- eephedsalumberjjm@gmail.com
क्रमांकः 1260-1286 दिनांकः 23.06.25
निविदा सूचना संख्या 32/25-26 से 34/25-26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड सलूम्बर, जिला सलूम्बर के अधीन विभिन्न जल योजनाओं पर स्वीकृत निर्माण कार्य मय मेटेरियल के निविदा सूचना संख्या 32/25-26 से 34/25-26 का राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों को ई-प्रोक्यूमेन्ट के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती है।
उक्त सभी निविदाओं से संबंधित विस्तृत विवरण वैबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.dipr.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। उपरोक्त निविदाओं का प्रकाशन sppp.rajasthan.gov.in निम्नानुसार कर दिया गया है:-

क्र.सं.	निविदा संख्या	आई.डी.नम्बर	अपलोड की दिनांक
01	32/25-26	UBNPHE2526WSRC03968	23.06.2025
02	33/25-26	UBNPHE2526WSRC03969	23.06.2025
03	34/25-26	UBNPHE2526WSRC03970	23.06.2025

अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग,
ग्रामीण खण्ड सलूम्बर, जिला सलूम्बर
DIPR/C/8763/2025

राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद्
(ग्रामीण विकास विभाग)
F8(15)RD/RGAVP/Job Basis/2025/5000 Dated :- 02/07/2025
NOTICE INVITING BID

Bids for the Hiring agency to provide Job Basis Support Staff to RGAVP (SPMU) for RGAVP, (For Two Year) are invited from interested bidders up to 16.07.2025 ,03.00 P.M (time) in offline method. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state; and http://www.rajeevika.rajasthan.gov.in. The approximate value of the procurement is Rs 70,00,000/-
UBN :- RGA2526A0063
NIB :- RGA2526SLOBC00085
Project Director (Admin),
RGAVP
Raj.Samwad/C/25/5493

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, P.W.D. DN. KOTRA
No. :-250 Date: 19.06.2025
Notice Invision Bid No. 05/2025-26
NIB No.: PWD2526A1529

Bids for Various works are invited from interested bidders upto 23.06.2025 9.00 AM to 07.07.2025 06.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal ("http://eproc.rajasthan.gov.in" and "http://sppp.rajasthan.gov.in") of the state, and department website. The approximate value of procurement of 3 Works is Rs. 282.37 Lacs.
UBN No :-
1. PWD2526WSOB05316, 2. PWD2526WSOB05318, 3. PWD2526WSOB05319
(KAPIL KUMAR AWASTHY)
EXECUTIVE ENGINEER
P.W.D. Dn. KOTRA
DIPR/C/9014/2025

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड-करौली
क्रमांक-Rajkaj-1325-1345 दिनांक-24.06.2025
ई-निविदा सूचना संख्या-06/2025-26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की और से विभिन्न कार्यो के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदको एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनो / केन्द्रीय लोक निर्माण/ डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि के पंजीकृत संवेदको जो कि राज्य सरकार के एए ए वी सीडी श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो से कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदाओ से संबंधित विवरण वेवसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB CODE-PWD2526A1596

Sr.No.	UBN No.	Sr.No.	UBN No.
1	PWD2526WSOB05596	3	PWD2526WSOB05602
2	PWD2526WSOB05598	4	PWD2526WSOB05609

(चन्द्र प्रकाश)
अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड करौली
DIPR/C/9004/2025

Zila Parishad Bikaner
Office of the Additional Chief Engineer & Project Manager
Watershed Development & Soil Conservation
S. No. :- F.(WCDC)/PMKSY 2.0/BID/2025-26/833-38 Date :- 25/06/2025
NOTICE INVITING BID

On the behalf of Governor of Rajasthan, bids for the execution of Construction of 03 EPA works and 86 NRM Works under PMKSY 2.0 Projects of estimated value as mentioned below are invited from interested bidders up to 07.07.2025, 06.00 PM and 14.07.2025, 06.00 PM respectively. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in) of the state, and www.watershed.rajasthan.gov.in departmental website. NIB No. WSC2526A0379

Bid No.	Block	Estimated Cost (Rs. in lakhs)	UBN No.
24	Bikaner	36.27	WSC2526WSOB00630
25	Bikaner	297.92	WSC2526WSOB00631

Raj.Samwad/C/25/5495 ACE & PM WCDC, Zila Parishad, Bikaner

THE RAJASTHAN SMALL INDUSTRIES CORPORATION LTD.
(A Government of Rajasthan Undertaking), Udyog Bhawan, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur-302005 Phone: 0141-2227079, CIN: U91110RJ1961SGC001118
E-Tender Notice
E-tender BID Invitation Notice
Supply of Steel Furniture item

RSIC is inviting online competitive BIDS from MSME/ SSI Units who are registered from Industries Department, Government of Rajasthan for supply of Stainless Steel Bench items to the Government of Rajasthan Departments, PSUs, etc. rate contract for the period of two year. The Tender/Bid shall only be submitted through online tendering system of eproc.rajasthan.gov.in. Last date of submission of online bids 15.7.2025 till 1.00 PM
For further details visit our website: industries.rajasthan.gov.in/rsicl or sppp.rajasthan.gov.in or contact: Marketing section on 9214009956
UBN No. : RSI2526GLRC00010
Raj.Samwad/C/25/5487 Managing Director

भोजासर थाने का कांस्टेबल खेत में तड़पता मिला, मौत

मिट्टी से सना था शरीर, हॉस्पिटल ले जाते कांस्टेबल ने दम तोड़ा

जोधपुर, (कासं)। फलोदी जिले के भोजासर थाने में तैनात एक कांस्टेबल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। कांस्टेबल थाने से 30 किलोमीटर दूर पलीना गांव में सूने इलाके में पड़ा मिला, जिस समय लोगों ने उसे देखा, तब कांस्टेबल की सांसें चल रही थी, लेकिन फलोदी हॉस्पिटल ले जाते समय उसने दम तोड़ दिया। कांस्टेबल का शरीर मिट्टी से सना था। अभी तक मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

पुलिस ने बताया ने गुरुवार सुबह करीब आठ बजे लोहावट थाना क्षेत्र के पलीना गांव से दो किलोमीटर दूर एक सुनसान इलाके में जांबा निवासी और भोजासर थाने में तैनात कांस्टेबल शैतानराम (35) पुत्र जोराराम पड़ा मिला। कांस्टेबल की उस समय सांसें चल रही थी। कांस्टेबल ने केवल पैंट पहनी हुई थी। पैंट और शरीर मिट्टी से सना था। पास ही में कांस्टेबल का मोबाइल पड़ा मिला। कांस्टेबल का शर्ट-टीशर्ट और चप्पल-जूते आसपास कहीं नहीं मिले।

- कांस्टेबल का शर्ट-टीशर्ट और चप्पल-जूते आसपास कहीं नहीं मिले

लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही एंबुलेंस से कांस्टेबल को फलोदी जिला अस्पताल के लिए रवाना किया गया, लेकिन रास्ते में कांस्टेबल की मौत हो गई। फलोदी थानाधिकारी महेंद्र दत्त शर्मा भी सूचना पर जिला अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि कांस्टेबल के पास एक क्रेटा कार है जो भोजासर थाने में खडी है। कांस्टेबल भोजासर से पलीना कैसे पहुंचा और उसकी ये हालत कैसे हुई। इसकी जांच कर रहे हैं। कांस्टेबल शैतानाराम रात करीब बारह बजे तक थाने में स्टाफ के साथ था। देर रात वो किस साधन से और किसके साथ थाने से निकला, उसका कोई पता नहीं चल रहा है। उसकी गाड़ी भी थाने में ही पड़ी मिली। सूचना मिलने पर पुलिस के आला अधिकारी और परिजन भी फलोदी अस्पताल पहुंचे। शैतान राम का परिवार श्रीराम नगर की ढाणी जांबा का रहने वाला है।

कांस्टेबल के पिता जोराराम सेवानिवृत्त अध्यापक हैं। शैतानराम सहित तीन भाई और एक बहन है। उसका बड़ा भाई गिरधारी लाल भी पुलिस कांस्टेबल है और वर्तमान में दूदू में पोस्टेड है। दूसरा वह स्वयं था। तीसरा भाई मनफूल प्राइवेट जॉब करता है। शैतान राम वर्ष 2013 में पुलिस में भर्ती हुआ था। शैतानराम शादीशुदा था। उसके पांच और सात साल के दो बेटे है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वृत अजमेर
लोहाखान टेम्पो स्टेण्ड के पास, अजमेर
दूरभाष नम्बर 0145-2970165, E-Mail Address: Seajmer@ yahoo.com
क्रमांकः अधी/वृत/अंके-जि.ग्रा./2025-26/4273-75 दिनांक-20/6/2025
निविदा सूचना (NIB No. 05/2025-26)

राजस्थान के राज्यपाल की और से निम्नहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निविदा संख्या 05/2025-26 पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से ऑनलाईन सिस्टम ई-प्रोक्यूरमेंट वेबसाईट पर आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा की अनुमानित लागत राशि रूपये 132.12 लाख है।
विस्तृत निविदा सूचना जन सम्पर्क निदेशालय की वेबसाईट पर तथा निविदा प्रपत्र वेबसाईट एस0पी0पी0पी0, राजस्थान तथा ई-प्रोक्यरमेंट वेबसाईट से दिनांक 20.06.2025 से दिनांक 07.07.2025 को सायं 06:00 बजे तक डाउनलोड एवं इसी समय तक बिड प्रस्तुत की जा सकती है। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 08.07.2025 को प्रातः 11:00 बजे खोली जायेगी।
उक्त निविदा सूचना का प्रकाशन वेबसाईट एस.पी.पी.पी पर आई.डी कमांक PHE2526A1876 तथा निविदा प्रपत्रों का प्रकाशन यू.बी.एन नम्बर PHE2526WSOB03905 से किया गया है।
(रामचन्द्र राड़)
अधीक्षण अभियन्ता जन स्वास्थ्य
अभियांत्रिकी विभाग वृत-अजमेर
DIPR/C/8695/2025

खैरथल-किशनगढ़ बास मार्ग पर बस सेवा नहीं

किशनगढ़ बास और खैरथल से रोजाना सैकड़ों लोग रोजगार के लिए आते-जाते हैं

किशनगढ़ बास, (निसं)। खैरथल-तिजारा जिला मुख्यालय से करीब किशनगढ़ बास उपखंड की दूरी 10 किलोमीटर है और इस बीच लोगों को यात्रा करने के लिए एक भी शटल बस सेवा नहीं जो रोडवेज बस किशनगढ़ बास और खैरथल के बीच चल रही थी उन्हें भी पिछले कुछ समय से बंद कर रखा है। जबकि किशनगढ़ बास और खैरथल से रोजाना सैकड़ों लोग रोजगार के लिए आते जाते हैं।

किशनगढ़ बास के नजदीक रेलवे स्टेशन है, देश की प्रमुख अनाज मंडियों में खैरथल का नाम आता है। अब तो 2 साल से खैरथल जिला मुख्यालय है जहां पर जिला कलेक्टर, एस पी सहित बड़े जिला स्तरीय अधिकारी बैठते हैं। इन सब के लिए लोगों को आना जाना पड़ता है। खैरथल औद्योगिक क्षेत्र भी है बड़ी-बड़ी कंपनियां काम कर रही है हजारों श्रमिक नौकरी करने के लिए गांवों से जाते हैं।

लोगों के लिए समस्या बड़ी है और नेताओं और अधिकारियों को इसलिए नजर नहीं आ रही है कि यात्रियों की आवश्यकताओं को खैरथल किशनगढ़ बास मार्ग पर चल रहे टेंपो पूरा कर रहे हैं। यह सही है कि यात्रियों का आवागमन हो रहा है लेकिन यात्री कितना जोखिम भरा टेंपो में सफर कर रहे हैं यह ना तो अधिकारियों को दिखाई पड़ रहा है और ना ही नेताओं को समझ में आ रहा है। टेंपो क्षमता से अधिक सवारियां भरकर चलने से कई बार हादसे हो चुके हैं। ऊपर नीचे जब तक सवारिया नहीं बैठतीं तब तक टेंपो स्टेंड से सरकते नहीं है। टेंपो चालक इस लिए भी मनमानी किए हुए हैं कि यात्रियों के पास टेंपो के अलावा और कोई सहारा भी नहीं है। चाहे फिर वह लटककर जाएं या फिर अंदर बेठकर क्योंकि कोई और साधन उनके पास नहीं है जिससे वह सुरक्षित यात्रा कर सके।

तिजारा डिपो प्रबंधक पवन कटारा से बात करने पर उन्होंने बताया कि खैरथल-किशनगढ़ बास रूट पर कोई शटल बस सेवा नहीं है। एक बस सुबह से दोपहर 12 बजे तक दो-तीन राउंड लगाकर बाद में दिल्ली जाती है। करीब दो-तीन महीने से यह बस भी स्टाफ की कमी के कारण बंद है। स्टाफ की कमी जैसे ही दूर होगी वैसे बस को शुरू कर दिया जाएगा।

कार्यालय उप वन संरक्षक, अजमेर
वन भवन, जयपुर रोड़, अजमेर दूरभाष संख्या- 0145-2429796 (ऑफिस) E-Mail-dcf.ajmer.forest@rajasthan.gov.in
क्रमांकः-एफ () गंगा भैरव घाटी / सवसं / 2025-26/6866 दिनांकः- 25/06/25
UBN No. FOR2526W50B00734
NIB Code No. FOR 2526A0577
ई-निविदा सूचना सं. 03/2025-26

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्न वर्णित कार्यों हेतु सक्षम श्रेणी के पंजीकृत आईटी एक्ट अनुसार डिजिटल हस्ताक्षरधारी एवं जो निविदा प्रपत्रों में वांछित योग्यता रखते हो, ऐसे संवेदकों से ई टेण्डरिंग प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा सूचना www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है तथा निविदा प्रपत्र www.eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड एवं अपलोड किये जा सकते है:-

क्र. सं.	कार्यस्थल का नाम	कार्य का विवरण (जी-शिड्यूल एवं एच-शिड्यूल अनुसार)	अनुमानित लागत (लाखों में)	बोली प्रतिभूति राशि रू. (अनुमानित 2 प्रतिशत)	बोली (निविदा) प्रपत्र शुल्क	प्रोसोसिंग फीस	कार्य पूर्णता अवधि
1	कार्य गंगा-भैरव घाटी कन्जर्वेशन रिजर्व	Grassland Development for Herbiyores Pre Base.	20.60	41200/-	1000/-	1000/-	60 दिवस
2	कार्य गंगा-भैरव घाटी कन्जर्वेशन रिजर्व	Petroling kachcha Track (Taragarh to Chamunda ji 1.5km) Petroling kachcha Track (Happy Valley to Taraghar 3.3km) Petroling kachcha Track (Taraghar Najul to Bhairav baba 2.5 km) Petroling kachchaTrack (Bhairav Baba to Chamunda Mata 4 km)	33.90	67800/-	1000/-	1000/-	60 दिवस
3	कार्य गंगा-भैरव घाटी कन्जर्वेशन रिजर्व	Construction of Forest guard chowki at BhairavGhati. Construction of Entry Gate at Ajaysar Budhwara. Booking window and administrative Block. Tourist Facility (Development of Rest Rooms) Parking Facility.. Construction of Entry Gate. Construction of Shelter. Construction of Food Storage Room.	65.50	131000/-	1000/-	1000/-	85 दिवस
		Total	120.00				

ई बोली (निविदा) डाउनलोड की जाने की तिथि एंव समय :- 24.06.2025 सांय 6.00 बजे से
ई बोली (निविदा) अपलोड करने की अन्तिम तिथि एंव समय :- 07.07.2025 सांय 6.00 बजे तक
ई बोली (निविदा तकनीकी एवं वित्तीय बिड़) खोली जाने की तिथि एंव समय :- 08.07.2025 को दोपहर 1.00 बजे तक
बी.एस.आर. आईटमों की दरें Online BOQ में बीएसआर से कम अथवा अधिक के रूप में भरी जायेगी एवं नॉन बी.एस.आर. आईटमों की दरें प्रति आईटम की दर से भरनी होगी। अन्यथा सम्बन्धित फर्म की दरें निविदा में सम्मिलित नहीं की जायेगी।
उक्त ई-निविदा सूचना का प्रकाशन एक क्षेत्रीय दैनिक समाचार-पत्र एवं एक राज्य स्तरीय मुख्य दैनिक समाचार पत्र, जिसकी प्रकाशित प्रतियों की संख्या 50000 प्रतियों से अधिक हो, में आपके कार्यालय द्वारा अनुमोदित दरों पर शीघ्रातिशीघ्र प्रकाशित कराने का कष्ट करावें।
(वीरेन्द्र सिंह जोरा)
उप वन संरक्षक, अजमेर
DIPR/C/8972/2025